पंजाब केसरी 02/03/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में जॉब प्लेसमैंट विषय पर कार्यशाला को संबोधित करतीं मुख्य वक्ता। (चंद्रमोहन)

जी.एम.एन. कालेज में विद्यार्थियों को जॉब प्लेसमैंट विषय पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 1 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में प्लेसमैंट सैल, अंग्रेजी विभाग, मनोविज्ञान विभाग एवं आई.आई.एल.एम. यूनिवर्सिटी गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को नौकरी पाने के लिए प्रेरित और तैयार करने के लिए जॉब प्लेसमैंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर आई.आई.एल.एम. यूनिवर्सिटी गुरुग्राम की डा. तृप्ति बाजपेयी ने शिरकत की जिनका डा. चंद्रपाल पूनिया एवं डा. अंशु ने स्वागत किया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्चतम जॉब प्लेसमैंट के लिए प्रोत्साहित करना एवं विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना है। इसके बाद मुख्य वक्ता डा. तृप्ति बाजपेयी ने बेहद सरल भाषा में विद्यार्थियों को जॉब प्लेसमैंट के सिलसिले में विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इंटरव्यू के दौरान किस तरह आत्मविश्वास के साथ मुश्किल प्रश्नों का सामना करें। कार्यशाला की संयोजक डा. अनुपमा सिहाग ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य में नौकरी पाने के लिए उन्हें करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में जागरूक करना एवं जॉब प्लेसमैंट के लिए प्रेरित करना था।

सह संयोजिका डा. अंशु ने कहा कि वह आशा करती हैं कि इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य में सही दिशा चुनने में सहायता मिलेगी। मंच सफल संचालन महक ने किया, जबकि धन्यवाद प्रस्ताव जस्मिता ने प्रेषित किया। कार्यशाला में श्याम रहेजा, उदिता, सुषमा, गुरप्रीत, प्रियंका और नेहा आदि मौजूद रहे।